NT>

Title: Need for construction of by-passes on National Highway in Aligarh Parliamentary Constituency, U.P.

श्रीमती शीला गौतम (अलीगढ़): सभापति महोदय, पेशावर से कलकत्ता की ओर जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग, जो शेरसाह सूरी द्वारा निर्मित की गई है, की हालत वर्तमान समय में अत्यंत दयनीय है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली से मेरा संसदीय क्षेत्र अलीमढ़ मात्र १३० किलोमीटर दूर है। रोड की खस्ताहाल के कारण बस से ६ घंटे का समय लग जाता है। इस रोड पर ट्रेफिक इतना अधिक जाम रहता है कि हर समय आम नागरिकों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह इस मार्ग पर कोई बाई-पास का न होना है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर दादरी, खुर्जा, सिकन्द्राबाद एवं अलीगढ़ में अलीगढ़ की आम जनता के आवागमन की सुविधा के लिये इन सभी जगहों पर बाई-पास बनाया जाये जिससे इस राजमार्ग की दयनीय हालत अच्छी हो सके तथा यहां पर आवागमन की सुविधा सुलभ हो सके।